न०3५५ (E)
6/10/2026

बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग
आदेश

अवर सचिव (निगरानी), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3312 (S)We दिनांक–25.04.2025 से संवेदक R.L.Choudhary Infratech Pvt. Ltd., R.L. Market, Saidnagar, Laheriasarai, Darbhanga, Bihar-846001 (निबंधन सं०–1230047 श्रेणी–01) को पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत महात्मा गाँधी कॉलेज से अलीनगर पी०डब्लू०डी० पथ, खर्गा सहनी चौक, परमेश्वर चौक होते हुए बेला दुर्गा मंदिर तक पी०डब्लू०डी० पथ तक पी०टी०सी० चाहर दिवारी के उत्तर वाले रेलवे लाईन तक पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य में 1st कि०मी० में कराये गये Cement Concrete Pavement कार्य में प्रयुक्त Cement Concrete Pavement का Compresive Strength 166.828 kg/cm^2 पाया गया है, जो प्रावधान 407.888 kg/cm^2 से कम है। फलस्वरूप संवेदक के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु अनुरोध किया गया।

उक्त के आलोक में संवेदक से विभागीय पत्रांक–3057(E)We, दिनांक–16.05.2025 एवं पत्रांक–4348(E) दिनांक–04.07.2025 के द्वारा स्पष्टीकरण की माग की गई, जिसके आलोक में संवेदक के द्वारा उनके पत्रांक–शून्य दिनांक–11.07.2025 से प्रारंभिक एवं अंतिम जाँच प्रतिवेदन की माँग हेतु अनुरोध पत्र दिया गया। तदक्रम में विभागीय पत्रांक–5864(E)We, दिनांक–01.09.2025 के द्वारा मामले से संबंधित प्रारंभिक एवं अंतिम जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराते हुए पुनः स्पष्टीकरण की माँग की गई, जिसके आलोक में संवेदक द्वारा पत्रांक–शून्य दिनांक–25.09.2025 स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया गया। उक्त स्पष्टीकरण को विभागीय पत्रांक–8243(E)We, दिनांक–05.12.2025 द्वारा TTRI को मंतव्य प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु समर्पित किया गया। उक्त निदेश के आलोक में TTRI के पत्रांक–1088 अनु० दिनांक–10.12.2025 द्वारा मंतव्य सहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया, जिसमें विषयांकित पथ के 1st कि०मी० में कराये गये Cement Concrete Pavement कार्य में प्रयुक्त Cement Concrete Pavement का Compresive Strength प्रावधान (407.888 kg/cm^2) से कम 166.825 kg/cm^2 पाये जाने का उल्लेख है। समीक्षोपरान्त संवेदक के स्पष्टीकरण को तथ्यपरक नहीं पाया गया। तदक्रम में संवेदक R.L.Choudhary Infratech Pvt. Ltd. को विभागीय आदेश सं०–957(E) दिनांक–09.02.2026 से 10 (दस) वर्षों के लिए कालीकृत किया गया।

संवेदक R.L.Choudhary Infratech Pvt. Ltd. द्वारा दिनांक–23.02.2026 को अभ्यावेदन समर्पित करते हुए कालीकरण से मुक्त करने का अनुरोध किया गया। उक्त अभ्यावेदन पर विचारण हेतु दिनांक–23.06.2026, 10.07.2026 एवं 13.07.2026 को सुनवाई आहुत की गई। संवेदक द्वारा समर्पित अभ्यावेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों एवं वर्णित तथ्यों के आधार पर विभागीय आदेश सं०–5100(E) दिनांक–23.07.2026 द्वारा पथ की पुनः जाँच कराने का आदेश दिया गया।

इसी बीच निदेशानुसार उप सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा पत्रांक–4611 (S)We दिनांक–10.07.2026 से उक्त पथ के Cement Concrete Pavement का Compresive Strength प्रावधान एवं टॉलरेन्स लिमिट की जाँच निकटतम सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालय यथा–दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा से कराने हेतु मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को निदेश दिया गया। उक्त निदेश के अनुपालन में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ

कृपया०

(07) आई॰ टी॰ सेक्शन

निर्माण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–2656 अनु० दिनांक– 31.08.2026 द्वारा Department of Civil Engineering, D.C.E, दरभंगा का जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जिसके अनुसार विषयांकित पथ में कराये गये Cement Concrete Pavement कार्य (M-40) का Average Compresive Strength 281.08 kg/cm^2 है, जो MoRTH Clause 903.5.2.2 के आलोक में वांछित Compresive Strength 277.27 kg/cm^2 से अधिक है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर संवेदक R.L.Choudhary Infratech Pvt. Ltd., R.L. Market, Saidnagar, Laheriasarai, Darbhanga, Bihar-846001 (निबंधन सं०–1230047 श्रेणी–01) (PAN No.-AAHCR1298P) को विभागीय आदेश ज्ञापांक–957(E) दिनांक–09.02.2026 से किए गए कालीकरण से मुक्त किया जाता है।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)

Speed Post
E-mail

ज्ञापांक– प्र०–7/कार्रवाई–05–10/2025– /पटना, दिनांक

प्रतिलिपि :– संवेदक R.L.Choudhary Infratech Pvt. Ltd., R.L. Market, Saidnagar, Laheriasarai, Darbhanga, Bihar-846001 E-mail ID-rlchodhary pvtltd@rediffmail.com, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)

ज्ञापांक– प्र० 7/कार्रवाई–05 10/2025– /पटना, दिनांक

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/आयुक्त एवं सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/ जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ऊर्जा विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)

ज्ञापांक– प्र०– 7/कार्रवाई–05–10/2025– /पटना, दिनांक

प्रतिलिपि :– सभी मुख्य अभियंता, (रा०उ०पथ उपभाग सहित)/सभी अधीक्षण अभियंता (रा०उ०प० अंचल सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०पथ प्रमंडल सहित), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)

कु०पु०ओ०

ज्ञापांक- प्र०- 7/कार्रवाई-05-10/2025- 7074 (E) /पटना, दि०- 6/10/2026

प्रतिलिपि :- अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना/कार्यपालक अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव (निगरानी), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं ~~आई०टी०~~ मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सी०डी० सहित प्रेषित।

30/10/26

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त
-सह-विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)